बिहार के हर ज़िला मुख्यालय में सिमुलतला मॉडल का होगा एक स्कूल

चर्चा में क्यों?

18 नवंबर, 2022 को बिहार के शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर ने पटना के विकास भवन स्थित सचिवालय में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने की दिशा में राज्य के हर ज़िला मुख्यालय स्तर पर सिमुलतला आवासीय विद्यालय की तर्ज़ पर स्कूल खोले जाएंगे।

प्रमुख बिंदु

- प्रो. चंद्रशेखर ने बताया कि सिमुलतला आवासीय विद्यालय स्कूली शिक्षा का बेहतर मॉडल है। इस विद्यालय ने कई टॉपर्स दिये हैं तथा इस स्कूल में प्रवेश परीक्षा के ज़रिये प्रवेश दिया जाता है।
- उन्होंने बताया कि बिहार में शिक्षकों के 38 लाख पद खाली हैं। हालाँकि, इतने पद भरने के लिये समुचित संख्या में सीटीईटी/एसटीईटी पास अभ्यर्थी ही नहीं हैं। इन सबके बाद भी सातवें चरण का शिक्षक नियोजन जल्द शुरू होगा और इसकी तैयारी अंतिम दौर में है।
- उन्होंने बताया कि शिक्षकों के स्थानांतरण के लिये ठोस नीति बनाई जाएगी। शिक्षकों में विशेषतौर पर महिला, दिव्यांग और ज़रूरतमंद शिक्षकों के तबादले ज़रूरी हो गए हैं। सरकार इस दिशा में गंभीर कदम उठाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/school-on-the-lines-of-simultala-residential-school